INDIAN EXPRESS, Delhi, 19.11.2023
Page No. 15, Size:(12.82)cms X (4.82)cms.

CRUDE WATCH

# OIL JUMPS 4%

Oil prices jumped more than 4% on Friday, rebounding from a four-month low hit in the previous session, as investors who had taken short positions took profits and while US sanctions on some Russian oil shippers lent support. **REUTERS**

NAVBHARAT TIMES, Delhi, 19.11.2023
Page No. 10, Size:(13.12)cms X (16.34)cms.

# PM ने कहा- पेट्रोल के दामों की समीक्षा होगी, यह मोदी की गारंटी

■ पीटीआई, जयपुर



भरतपुर की सभा में पीएम ने कहा कि देश को मोदी की गारंटी पर भरोसा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को भरतपुर और नागौर की चुनावी रैली में कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। उन्होंने राजस्थान में महंगाई और पेट्रोल-डीजल की ऊंची कीमत के लिए भी राज्य की कांग्रेस सरकार को जिम्मेदार ठहराया। कहा कि पड़ोसी राज्य हरियाणा, यूपी और गुजरात में पेट्रोल की प्रति लीटर कीमत लगभग 97 रुपये है, जबकि राजस्थान सरकार 109 रुपये वसूलती है। उन्होंने कहा, 'कांग्रेस सरकार हर लीटर पर आपकी जेब से 12 रुपये मारती है और अपने नेताओं की तिजोरी भर रही है। बीजेपी सरकार बनते ही कांग्रेस का यह खेल भी खत्म किया जाएगा। मैं विश्वास दिलाता हूं कि बीजेपी सरकार बनते ही पेट्रोल के दामों की तुरंत समीक्षा की जाएगी। जल्द से जल्द लोक हित में निर्णय किया जाएगा। यह मोदी की गारंटी है।' पीएम ने आगे कहा, मोदी के गारंटी कार्ड पर पूरा देश भरोसा करता है, क्योंकि उसमें जमीनी सचाई है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में कांग्रेस ने पांच साल तक जनता को विश्वासघात के सिवा कुछ नहीं दिया। मोदी राजस्थान के नागौर में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे।

पीएम ने कहा, एक तरफ कांग्रेस के पास लूट का लाइसेंस है, वहीं दूसरी तरफ, मोदी का गारंटी कार्ड है। आपको किस पर भरोसा है? मोदी के गारंटी कार्ड पर पूरा देश भरोसा करता है तो उसके कुछ ठोस कारण हैं। उनमें हवाबाजी नहीं है, जमीनी सचाई है और एक-एक गारंटी को पूरा करने के लिए समय का हर पल, दिन-रात मैं खपा रहा हूं। बीजेपी ने गारंटी दी थी कि जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाएंगे, मोदी ने गारंटी पूरी की या नहीं की? पीएम ने अयोध्या में राम मंदिर बनवाने, तीन तलाक को खत्म करने और लोकसभा, विधानसभा में महिलाओं को आरक्षण देने की पहलों का भी जिक्र किया।

**गहलोत-पायलट पर कटाक्ष:** सीएम अशोक गहलोत और पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट के एक मंच पर आने की ओर इशारा करते हुए मोदी ने कहा, इन लोगों ने राजस्थान की जनता को अपने हाल पर छोड़ दिया। चुनाव का समय आया है तो ये लोग बेमन से साथ साथ फोटो खिंचवा रहे हैं। इनकी हाथ मिलने की सेंचुरी हो गई लेकिन मिलाप नहीं हुआ। दिल में खटास है। पीएम ने 'लाल डायरी' का जिक्र कर भी कांग्रेस पर हमला बोला।

## खरगे-गहलोत का पीएम पर निशाना

■ **पीटीआई, जयपुर:** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और सीएम अशोक गहलोत ने पीएम मोदी पर निशाना साधा। कहा कि उन्होंने बाड़ी सीट पर गिर्राज मलिंगा को उम्मीदवार बनाया, जिसने दलित इंजिनियर की पिटाई की थी। भरतपुर के वैर कस्बे मे एक रैली मे खरगे ने कहा, 'दलितो के मसीहा.. जो दलितो गरीबो के लिए रोते रहते है... उन मोदी साहब ने गिर्राज मलिंगा को टिकट दिया। एक तरफ आप गरीब, दलित की बात करते है और दूसरी तरफ दलितो को पीटने वाले को आप टिकट देकर बुला लेते है। बता दे, दलित इंजिनियर हर्षदिपति की पिटाई मामले मे गिर्राज आरोपी है।

# हरदीप पुरी ने पेट्रोल की कीमतों लेकर राजस्थान सरकार पर निशाना साधा

जयपुर, (वीअ)। केन्द्रीय मंत्री हरदीप पुरी ने महंगे पेट्रोल को लेकर शनिवार को राजस्थान सरकार पर निशाना साधा और कहा कि राज्य में इसकी कीमत सबसे अधिक है। पुरी ने यहां भाजपा प्रदेश मीडिया सेंटर में संवाददाताओं से कहा कि आज देशभर में पेट्रोल की औसत दर 96 रुपये 72 पैसे प्रति लीटर है जबकि राजस्थान के गंगानगर में यह सबसे ज्यादा 113 रुपये 34 पैसे है।

पार्टी की ओर से जारी बयान के अनुसार पुरी ने केंद्र सरकार द्वारा पेट्रोल-डीजल पर अधिक टैक्स लगाने संबंधी मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बयान पर पलटवार किया और कहा कि मुख्यमंत्री को अपने गिरेबान में झांकना चाहिए।

इसके अनुसार पुरी ने कहा कि पिछले दो साल में, राजस्थान सरकार ने पेट्रोल-डीजल पर 2021-22 और 2022-23 नवंबर तक 35975 करोड़ रुपये की कर वसूली की है, जबकि अन्य 18 राज्यों से इस कर की तुलना की जाए तो भी अकेले राजस्थान का कर बहुत ज्यादा है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि दिल्ली, उत्तराखंड, नागालैंड, लक्षदीप, मणिपुर, लद्दाख, दमन-दीव, जम्मू और कश्मीर सहित इन 18 राज्यों का कर संग्रहण 32597 करोड़ रुपए है।